न्यायालय उपखण्ड अधिकारी माण्डलगढ जिला भीलवाडा(राज0)

प्रकरण संख्या 111/2017
कन्हैया लाल पुत्र मोडा कुम्हार
निवासी - होडा

बनाम
1. शान्ति सिंह पुत्र सूरा लाल जोशी
2. देवीलाल पुत्र गणपत लाल शर्मा
3. शोभाचन्द पुत्र प्रभु लाल शर्मा
4. राम सिंह पुत्र सुरा लाल जोशी
5. देवी लाल पुत्र मोडा कुम्हार
6. मदन लाल पुत्र उदा प्रजापत
7. भैरू लाल पुत्र रणजीत पाटीदार निवासीयान होडा त. माण्डलगढ

प्रार्थनापत्र–अन्तर्गत धारा 111–128 रा0ले0रे0ए0

– आदेश :–

दिनांक–15/5/17

प्रार्थनापत्र प्रार्थीश्री कन्हैया लाल पुत्र मोडा कुम्हार नि0 होडा ने जरिये अभिभाषक श्री सांवर मल रैबारी ने प्रस्तुत कर निवेदन किया कि मेरे एकल/संयुक्त खाते की भूमि ग्राम होडा प0ह0 होडा तह0 माण्डलगढ मे आराजीन0 386, 824/1, 872/2, 874/1, 1070/823, 1071/821 कुल किता 6 रकबा 7 बीघा 10 बिस्वा किता 6 रकबा 7 बीघा 10 बिस्वा भूमि स्थित है। विपक्षीगण आये दिन सीमा विवाद को लेकर झगडा फिसाद करते है। अत:पत्थरगढी का आदेश प्रदान कराया जावे साथ मे प्रार्थनापत्र की ताईद मे शपथपत्र संलग्न है।

प्रार्थनापत्र दर्ज रजिस्टर करवाया गया, प्रस्तुत पत्रावली पर विद्वान अधिवक्ता प्रार्थी की बहस सुनी गई और पत्रावली का अवलोकन किया गया।

पत्रावली मे संलगन जमाबंदी सम्वत् 2070-2073 के अवलोकन से प्रार्थी वादग्रस्त आराजीयात का खातेदार/गैरखातेदार काश्तकार है। पडौसियान के विवाद करने बाबत शपथपत्र संलग्न है। पत्थरगढी से किसी के स्वत्व पर कोई विपरीत प्रभाव नही पडता है।

अतः प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा 111–128 रा0ले0रे0एक्ट स्वीकार किया जाकर ग्राम होडा की आराजी न0 386, 824/1, 872/2, 874/1, 1070/823, 1071/821 6 रकबा 7 बीघा 10 बिस्वा होडा की बशामलात पडौसीयान के पत्थरगढी किये जाने के आदश दिये जाते है। भू–अभिलेंख निरीक्षक को कमीशनर नियुक्त किया जाता है। कमीशनर फीस 350 /रूपये वक्त पत्थरगढी प्रार्थी मौके पर अदा करेगा। एवं पत्थरगढी की शुल्क राशि 100/रूपये राजकोष मे जमा होने पर पालनार्थ तहसीलदार, माण्डलगढ को लिखा जावे।

प्रार्थनापत्र निर्णित होकर नम्बर से कम हो।

आदेश सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी